भारत सरकार
रसायन और उर्वरक मंत्रालय
उर्वरक विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1775

जिसका उत्तर मंगलवार, 16 दिसंबर, 2025/25 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाना है।

किसानों द्वारा बायोस्टिमुलेंट और नैनो यूरिया का जबरन उपयोग

1775. श्री रामजी लाल सुमन:

क्या **रसायन और उर्वरक मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में उर्वरक की पर्याप्त आपूर्ति न होने के कारण फसलों की बुवाई के लिए बायोस्टिमुलेंट्स और नैनो यूरिया का उपयोग करने के लिए किसानों को मजबूर किया जा रहा है;
(ख) पिछले तीन वर्षों में नैनो यूरिया का उत्पादन और बिक्री का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) देश में उर्वरकों की कालाबाजारी रोकने के लिए उठाए गए कदमों की वर्तमान स्थिति क्या है; और
(घ) पिछले खरीफ सीजन और इस रबी सीजन के लिए उर्वरकों की मांग, उपलब्धता और आपूर्ति की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (घ): चल रहे रबी मौसम 2025-26 और खरीफ मौसम 2025 के दौरान देश में उर्वरकों, जैसे यूरिया, डीएपी, एमओपी और एनपीकेएस की उपलब्धता पर्याप्त बनी रही है। इन 2 मौसमों के दौरान देश में इन उर्वरकों की आवश्यकता, उपलब्धता, बिक्री और अंतिम स्टॉक के बारे में जानकारी निम्न तालिका में दी गई है:

I. रबी 2025-26 (11.12.2025 तक)

<आँकड़े एलएमटी में>

क्र. सं.	**उत्पाद समूह**	**दिनांक 11.12.2025 तक यथानुपातिक आवश्यकता**	**दिनांक 11.12.2025 तक उपलब्धता**	**दिनांक 11.12.2025 तक डीबीटी बिक्री**	**दिनांक 11.12.2025 की स्थिति के अनुसार अंतिम स्टॉक**
1	**यूरिया**	98.76	127.85	82.46	45.39
2	**डीएपी**	38.89	50.38	33.92	16.46
3	**एमओपी**	7.69	11.71	5.42	6.29
4	**एनपीकेएस**	45.11	68.68	33.65	35.03

II. खरीफ 2025

<आँकड़े एलएमटी में>

क्र.सं	उत्पाद समूह	मौसमी आवश्यकता	उपलब्धता	डीबीटी बिक्री	स्टॉक अंतिम
1	**यूरिया**	185.39	230.54	193.21	37.33
2	**डीएपी**	56.99	66.40	46.33	20.07
3	**एमओपी**	11.13	18.08	10.94	7.14
4	**एनपीकेएस**	76.11	117.08	81.49	35.59

इसके अलावा, पिछले तीन वर्षों में नैनो यूरिया का उत्पादन और बिक्री नीचे दी गई तालिका में दिखाई गई है:

<आँकड़े लाख बोतलों में>

नैनो यूरिया	वित वर्ष 2022-23	वित्त वर्ष 2023-24	वित वर्ष 2024-25
उत्पादन	475.12	90.71	388.15
बिक्री	326.8	207.43	273.55

इसके अलावा, कालाबाजारी, विपथन, जमाखोरी और अधिक मूल्य निर्धारण की समस्याओं का समाधान करने के लिए उर्वरकों को आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के अंतर्गत एक आवश्यक वस्तु के रूप में घोषित किया गया है और उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के तहत अधिसूचित किया गया है। आवश्यक वस्तु अधिनियम के उपबंधों के अनुसार राज्य सरकारों को उक्त कदाचारों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की शक्तियां प्रदान की गई हैं। इन कदाचारों के संबंध में उर्वरक विभाग स्तर पर प्राप्त होने वाली कोई भी शिकायत आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 और उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985 के अंतर्गत उचित कार्रवाई करने के लिए संबंधित राज्य सरकार को भेजी जाती है। तदनुसार, इन कदाचारों को रोकने के लिए 01.04.2025 से 28.11.2025 तक राज्यों द्वारा सूचित किए गए प्रवर्तन उपायों के बारे में विवरण **अनुलग्नक** में दिया गया है।

****

अनुलग्नक

यह अनुलग्नक दिनांक 16.12.2025 के राज्य सभा अतारांकित प्रश्न सं.1775 के उत्तर के भाग (क) से (घ) से संबंधित है।

25 अप्रैल से 25 नवंबर तक (28.11.2025 तक) का संचयी विवरण

राज्य सरकारों द्वारा 01.04.2025 से 28.11.2025 तक कालाबाज़ारी, जमाखोरी, विपथन आदि को रोकने के लिए और गुणवत्ता जांच, के लिए की गई कार्रवाई।

		कालाबाजारी			जमाखोरी			घटिया गुणवत्ता			विपथन			विवरण के साथ दोषसिद्ध*	कुल		
राज्य	निरीक्षण/छापों की संख्या	जारी किए गए कारण बताओ नोटिस	रद्द/निलंबित किए गए लाइसेंसों की संख्या	दर्ज एफआईआर	जारी किए गए कारण बताओ नोटिस	रद्द/निलंबित किए गए लाइसेंसों की संख्या	दर्ज की गई एफआईआर	जारी किए गए कारण बताओ नोटिस	रद्द/निलंबित किए गए लाइसेंसों की संख्या	दर्ज की गई एफआईआर	जारी किए गए कारण बताओ नोटिस	रद्द/निलंबित किए गए लाइसेंसों की संख्या	दर्ज की गई एफआईआर		जारी किए गए कारण बताओ नोटिस	रद्द/निलंबित किए गए लाइसेंसों की संख्या	दर्ज की गई एफआईआर
आंध्र प्रदेश	11181	5	3	9	10	6	3	83	0	0	7	2	3	शून्य	105	11	15
अरुणाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	शून्य	0	0	0
असम	3820	12	4	1	59	0	0	36	0	0	27	0	0	शून्य	134	4	1
बिहार	15499	1035	607	77	7	0	0	0	0	0	0	0	0	शून्य	1042	607	77
छत्तीसगढ़	6172	294	13	4	29	1	0	136	5	0	24	0	0	शून्य	483	19	4
दादर और नगर	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	शून्य	0	0	0
दिल्ली	255	0	0	1	0	0	0	3	0	0	0	3	0	शून्य	3	3	1
गोवा	614	544	180	6	10	0	0	32	1	0	16	0	0	शून्य	602	181	6
गुजरात	12210	33	3	1	0	0	0	83	2	0	7	3	11	शून्य	123	8	12
हरियाणा	4693	49	5	7	18	18	4	48	10	5	13	5	6	शून्य	128	38	22
हिमाचल प्रदेश	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	शून्य	0	0	0
जम्मू और कश्मीर	3694	142	44	2	31	2	0	55	0	0	8	0	0	शून्य	236	46	2
झारखंड	759	57	20	11	32	4	0	2	0	0	1	1	0	शून्य	92	25	11
कर्नाटक	7093	365	22	0	243	5	0	221	14	2	84	6	6	शून्य	913	47	8
केरल	1299	0	0	0	0	0	0	48	0	0	4	0	3	शून्य	52	0	3
मध्य प्रदेश	5581	0	0	72	0	0	0	606	44	4	631	160	15	शून्य	1237	204	91
महाराष्ट्र	44059	16	0	16	0	0	0	1155	1139	37	1	73	1	शून्य	1172	1212	54
मणिपुर	3	0	0	0	0	0	0	0	0	0	1	0	0	शून्य	1	0	0
मेघालय	579	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	शून्य	0	0	0
मिजोरम	21	1	0	0	0	0	0	0	0	0	4	0	0	शून्य	5	0	0
नागालैंड	72	14	0	14	0	0	0	101	0	0	2	64	1	शून्य	117	64	15
ओडिशा	7031	4	3	2	0	0	0	47	1	0	1966	107	3	शून्य	2017	111	5
पुडुचेरी	39	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0	शून्य	0	0	0
पंजाब	5617	37	1	1	20	0	1	192	65	3	0	0	4	शून्य	249	66	9
राजस्थान	11505	589	76	46	45	17	30	451	1	2	15	16	25	शून्य	1100	110	103
तमिलनाडु	18805	13	0	4	6	8	0	33	25	0	112	17	1	शून्य	164	50	5
तेलंगाना	115321	5	9	3	4	2	0	79	0	0	4	0	5	शून्य	92	11	8
त्रिपुरा	694	0	0	0	9	0	0	0	0	0	0	0	0	शून्य	9	0	0
उत्तर प्रदेश	29401	2043	2742	165	164	139	8	141	130	12	88	7	12	3	2436	3018	197
उत्तराखंड	282	0	0	0	0	0	0	0	0	0	43	0	0	शून्य	43	0	0
पश्चिम बंगाल	33777	0	0	0	0	0	0	259	0	0	0	0	0	शून्य	259	0	0
कुल	340076	5258	3732	442	687	202	46	3811	1437	65	3058	464	96	3	12814	5835	649